राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 209 | जौनपुर | गुरूवार, 20 मार्च 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति से संबंधित प्रशिक्षण संपन्न

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति से संबंधित प्रशिक्षण संपन्न हुआ ।प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल जी द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया । इस प्रशिक्षण में कुल 88 प्रतिभागियों (।त्व्ध् ।ज) ने प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के कार्य एवं दायित्व तथा इसकी उपयोगिता के बारे बताया गया तथा निर्देश दिया गया ।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे गोंडा, सारी तैयारियां पूरी, स्टार्टअप प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन



गोंडा, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर 12रू10 बजे बहराइच के मिहीपुरवा से गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे गोंडा मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के लिए स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के कुल 1,282 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का चार साल के लिए ब्याज मुक्त लोन व एकमुश्त 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ही नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके बाद सर्किट हाउस में 25 मिनट रुकने के बाद दो बजे जिला पंचायत सभागार में करीब एक घंटे देवीपाटन मंडल के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के जनप्रतिनिधि वर्जुअल माध्यम से सीएम की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर हेलीपैड व जिला पंचायत सभागार और मेडिकल कॉलेज में भव्य तैयारी की गई है।

## सुनिश्चित करें कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, तकनीक उपलब्ध न कराएं – राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को नीदरलैंड के अपने समकक्ष रूबेन बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके देश की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या तकनीक उपलब्ध न कराएं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों नेताओं ने यहां हिंद–प्रशांत तथा कृत्रिम मेधा (एआइ) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित व्यापक विषयों पर चर्चा की। सिंह ने बैठक के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को 'और अधिक गहरा और उन्नत' बनाने के लिए तत्पर हैं। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान सिंह ने पिछले कई दशकों से पाकिस्तान से उत्पन्न सीमापार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त



की, जिसके कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध न कराएं। सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक है। रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में बताया कि दोनों मंत्रियों ने पोत निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी में तालमेल को अधिकतम किया जा सके। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नयी दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने भारत–नीदरलैंड रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और गहरा करने और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, हिंद–प्रशांत और कृत्रिम बुद्धिमता जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां शामिल थीं।" बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान–प्रदान, हिंद–प्रशांत और नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने सात अधिकारियों के खिलाफ मुकदमे को मंजूरी दी

राजस्थान, (एजेंसी)। राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के तहत दर्ज पांच मामलों में सात अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने को मंजूरी दे दी। एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और मुकदमे को मंजूरी के विचाराधीन 13 मामलों का निपटारा किया। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री शर्मा ने एक मामले में सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन रोकने और तीन मामलों में सेवारत अधिकारियों के खिलाफ वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय किया। उन्होंने साथ ही भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 के तहत दर्ज पांच मामलों में सात अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी भी प्रदान की।हालांकि बयान में अधिकारियों के नाम और अन्य ब्यौरा नहीं दिया गया।

### दलित नेता राजेश कुमार बिहार कांग्रेस के नए अध्यक्ष बने

बिहार, (एजेंसी)। विधानसभा के इस साल के अंत में होने वाले चुनाव से पहले कांग्रेस ने मंगलवार को राज्य में संगठनात्मक स्तर पर एक अहम परिवर्तन करते हुए दलित नेता राजेश कुमार को अपनी राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा से दूसरी बार विधायक बने कुमार, राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश प्रसाद सिंह की जगह लेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बिहार में वरिष्ठ सहयोगी राजद के करीबी माने जाने वाले उच्च जाति के नेता सिंह के स्थान पर कुमार को नियुक्त करना कांग्रेस की ओर से रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। कांग्रेस राहुल गांधी के संविधान बचाओ और राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की मांग के दोहरे नारे के जरिये वंचित जातियों के बीच आक्रामक तरीके से पैठ बनाने की कोशिश कर रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की, उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे



में जानकारी ली। धनखड़ को हृदय संबंधी समस्याओं के चलते नौ मार्च को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। उन्हें 12 मार्च को छुट्टी दे दी गई थी और पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई थी। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए उपराष्ट्रपति के आवास पर गईं।"

## 'बिहार को पैर पकड़वा नहीं, आगे ले जाने वाला सीएम चाहिए', तेजस्वी यादव का नीतीश कुमार पर वार

'बिहार, (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कथित तौर पर आईआईएमआर और बीज उत्पादन केंद्र को बिहार से कर्नाटक स्थानांतरित करने को लेकर चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज हो गई है। पूरे मामले को लेकर विपक्ष सत्तारूढ़ एनडीए सरकार पर हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने फिर एक बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार के सीएम को इसकी जानकारी थी, तो क्या उन्होंने पीएम और कृषि मंत्री से बात की? एनडीए सरकार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका बिहार से पलायन रोकने का कोई इरादा नहीं हैय वे इसे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां तक ध्कि गिरिराज सिंह ने भी इस बारे में तभी बात की जब मैंने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से किसी ने भी इस कदम का विरोध नहीं किया। बिहार को पैर पकड़वा मुख्यमंत्री की जरूरत नहीं है। बिहार को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके पास दूरदृष्टि हो और जो निडर होकर बिहार को आगे ले जा सके। यही डबल इंजन सरकार की हकीकत है। नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी के अलावा किसी चीज की परवाह नहीं है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने मंगलवार को उन दावों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान और बीज उत्पादन केंद्र को बेगूसराय से कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर 17



जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी विस्तृत टेलीफोन पर बातचीत हुई। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

## कर्नाटक में पर्दे के पीछे से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है कांग्रेस सरकार

कर्नाटक, (एजेंसी)। भाजपा सदस्यों ने बुधवार को कर्नाटक सरकार के उस विधेयक को वापस लेने की मांग की, जिसमें सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उनका तर्क है कि यह कदम देश के विभाजन के समान है। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा सदस्यों निशिकांत दुबे और तेजस्वी सूर्या ने विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक को वापस लेने की मांग की। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पर्दे के पीछे से अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की श्रेणी में मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इसे रोकने के



लिए कानून बनाया जाए। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि दुबे ने जो भावना व्यक्त की है, उस बारे में संबंधित मंत्रालय को अवगत करा दिया जाएगा। भाजपा सांसद दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कारण देश का धर्म के आधार पर बंटवारा हुआ था और अब फिर से जाति आधारित जनगणना और मुस्लिम आरक्षण के नाम पर यही किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, "पिछले दरवाजे से ओबीसी में मुस्लिम को जोड़ने की बात की जा रही है...सरकार से आग्रह है कि कानून बनाइए।" भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने भी कर्नाटक से संबंधित यह विषय उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए, ।

## तेलंगाना सरकार ने पेश किया 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट, किए गए ये बड़े वादे

तेलंगाना, (एजेंसी)। तेलंगाना सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए करीब 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने राज्य का बजट 2025–26 पेश किया उन्होंने कहा कि अगले दशक के लिए हमारा रणनीतिक रोडमैप मौजूदा 200 बिलियन डॉलर की राज्य अर्थव्यवस्था को पांच गुना बढ़ाकर एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की परिकल्पना करता है। बजट में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के लिए 40,232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के लिए 17,169 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 11,405 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए



3,591 करोड़ रुपये और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के लिए 2,862 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हम हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के वैश्विक शहर में बदलने के लिए एक मास्टर प्लान विकसित कर रहे हैं, जिसमें तकनीकी उन्नति, परिवहन विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस विजन के एक हिस्से के रूप में, हमने हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया है। मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना को आधुनिक तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास में अग्रणी बनाने के लिए, हमने श्मेगा मास्टर प्लान 2050श तैयार किया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना बजट वित्त वर्ष 2025–26 में कृषि विभाग के लिए 24,439 करोड़ रुपये और शिक्षा के लिए 23,108 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। उन्होनं बताया कि स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग को तेलंगाना बजट 2025–26 में 12,393 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव। सिंचाई विभाग को 23,373 करोड़ रुपये तथा ऊर्जा विभाग को 21,221 करोड़ रुपयेआवंटित किए जाएंगे।

## नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश, एनआईए ने जम्मू में 12 स्थानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संघीय एजेंसी ने लश्कर–ए– तैयबा और जैश–ए– मोहम्मद से जुड़े सक्रिय




आतंकवादियों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के संबंध में सूचना के आधार पर पिछले साल 24 अक्टूबर को घुसपैठ संबंधी घटनाओं में मामला दर्ज किया था। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हाइब्रिड आतंकवादी और ओजीडब्ल्यू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सीमा पार से घुसपैठ की जांच के सिलसिले में बुधवार को जम्मू में 12 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के यहां छापेमारी की जा रही है, उनमें आतंकवादी समूहों के समर्थक और ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) भी शामिल हैं, जो भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को रसद, छिपने के स्थान और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। संघीय एजेंसी ने लश्कर– ए–तैयबा और जैश– ए– मोहम्मद से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के संबंध में सूचना के आधार पर पिछले साल 24 अक्टूबर को घुसपैठ संबंधी घटनाओं में मामला दर्ज किया था। एनआईए के एक अधिकारी ने कहा, ष्ये घुसपैठ जम्मू क्षेत्र के गांवों में स्थित ओजीडब्ल्यू और अन्य आतंकवादी सहयोगियों द्वारा सुगम बनाई गई थी, जो आतंकवादियों को रसद सहायता, भोजन, आश्रय, धन उपलब्ध कराने में लगे हुए थे।ष्अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हाइब्रिड आतंकवादी और ओजीडब्ल्यू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनोंकी नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हुए हैं।

## ईडी दफ्तर में लालू यादव से पूछताछ, लैंड फॉर जॉब केस में करना पर रहा सवालों से सामना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्हें जमीन के बदले नौकरी के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मंगलवार को 76 वर्षीय नेता को पटना में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। यादव के साथ उनकी बेटी और राजद नेता मीसा भारती भी ईडी कार्यालय पहुंचीं। इस हाई–प्रोफाइल उपस्थिति ने शहर में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। सैकड़ों राजद समर्थक ईडी परिसर के बाहर एकत्र हुए हैं। उन्होंने विरोध प्रदर्शन भी किया और अपने नेता के समर्थन में नारे भी लगाए। गौरतलब है कि ईडी ने इससे पहले 20 जनवरी 2024 को लालू यादव का बयान दर्ज किया था। उनके बेटे और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से भी एजेंसी ने पिछले साल 30 जनवरी को पूछताछ की थी। दोनों ही मामलों ने राजनीतिक बवाल मचा दिया था और अब ईडी के समन को लेकर एक बार फिर से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। लालू की बेटी मीसा भारती ने कहा कि उनका परिवार जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। इस बीच, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने टिप्पणी की, ष्हर किसी को अपने किए का परिणाम भुगतना ही पड़ता है। इससे पहले मंगलवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके विधायक बेटे तेज प्रताप यादव इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए थे। पिछले साल ईडी ने दिल्ली की एक अदालत में लालू यादव के परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया था। जांच इस आरोप से संबंधित है कि लालू यादव ने केंद्र में यूपीए–1 सरकार में रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 2004–2009 के दौरान भारतीय रेलवे में ग्रुप डी के स्थानापन्नों की नियुक्ति के लिए भ्रष्टाचार किया था।

# संपादकीय

## गर्मी के तल्ख तेवर

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड–गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन–जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन–सहन, खान–पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे जिलों की संख्या सैकड़ों में बतायी जा रही है, जिसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर समुद्री जल का तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## इतिहास के स्याह पक्ष से सबक लेने का वक्त

विश्वनाथ

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के युवा किसान कैलाश नागरे को पांच साल पहले युवा किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह सम्मान कृषि–कार्य में उल्लेखनीय सफलता पाने और किसानों में जागरूकता लाने के लिए किये गये प्रयासों के कारण मिला था। पांच दिन पहले कैलाश नागरे ने आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्महत्या का कारण यह था कि कैलाश भरसक प्रयास के बावजूद सरकार को उनके इलाके के खेतों में किसानों तक पानी पहुंचाने की मांग नहीं मनवा सके थे। इसलिए हताशा में कैलाश ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। वैसे भी किसानों की आत्महत्याओं का सिलसिला महाराष्ट्र में थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले पांच महीनों में देश के इस उन्नत समझे जाने वाले राज्य में एक हजार से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। विकास के दावों के बावजूद महाराष्ट्र सरकार पर ऋण का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सनद्ध 2014 में यह राशि 2.94 लाख करोड़ रुपये थीद्द 2024 में यह राशि बढ़कर 7.82 लाख करोड़ रुपये है। यह कुछ आंकड़े हैं जो चौंकाते भी हैं और परेशान भी करते हैं। परेशान इसलिए भी कि इन विषयों पर राज्य में चर्चा भी नहीं हो रही। इस बारे में न सरकार कुछ बोल रही है और न ही विपक्ष कुछ करता दिखाई दे रहा है। यह सब भुलाकर राजनीति के गलियारों में आज चर्चा एक ऐसे बादशाह की कब्र को लेकर हो रही है, जिसे मरे हुए सात सौ साल से अधिक हो चुके हैं। चर्चा ही नहीं हो रही आंदोलन शुरू हो गया है सारे राज्य में। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे संगठनों ने तो घोषणा कर दी है कि यदि महीने भर के भीतर सरकार इस कब्र को नष्ट नहीं कर देती तो उनके लाखों कार्यकर्ता 'कार सेवा करके' यह काम करेंगे। जहां तक सरकार का सवाल है राज्य के भाजपाई मुख्यमंत्री इसे एक 'दुर्भाग्य' बता रहे हैं कि उन्हें औरंगजेब जैसे बादशाह की कब्र की रक्षा का दायित्व निभाना पड़ रहा है। फिर भी उन्होंने घोषणा की है कि वे औरंगजेब का महिमामंडन नहीं होने देंगे। जी हां, विवादों के केंद्र में जो कब्र है वह मुगल बादशाह औरंगजेब की है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 717 साल पहले औरंगजेब की मृत्यु हुई थी, और वहीं उसे दफना दिया गया था। औरंगजेब की इच्छा के अनुसार इस सादी–सी




कब्र के ऊपर छत भी नहीं बनायी गयी थी। पहले छत्रपति शिवाजी महाराज और फिर उनके बाद मराठा शासकों को हराने में औरंगजेब को पूरी सफलता कभी नहीं मिल पायी। वह मराठा शासन को समाप्त करना चाहता था, पर उसी मराठा–भूमि में उसे अपने प्राण त्यागने पड़े! यह सब हमारे इतिहास का हिस्सा है। औरंगजेब की क्रूरता से सब परिचित हैं। यह भी सही है कि उसने जनता पर कई तरह से अत्याचार किये। यह भी जग जाहिर है कि उसने अनेक हिंदू मंदिरों को तोड़ा। यहां अनेक का मतलब सैकड़ों से लेकर हजारों तक बताया जाता है। उसकी क्रूरता का आलम यह था कि गद्दी हथियाने के लिए उसने अपने भाई को मरवा डाला, अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में बंदी बनाकर रखा, उसे पीने के लिए पानी भी नाप के दिया जाता था। औरंगजेब की क्रूरता हमारे इतिहास का हिस्सा है। इसी तरह यह भी एक हकीकत है कि इस क्रूर शासक ने लगभग पचास साल तक राज किया था। इस दौरान उसने मंदिर तुड़वाये भी और मंदिर बनवाये भी। औरंगजेब ने वह सब किया जो कोई क्रूर शासक करता है। शिवाजी महाराज का तो वह कुछ बिगाड़ नहीं सका, पर उनके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के साथ उसने जो क्रूरता बरती वह अपने आप में किसी पराकाष्ठा से कम नहीं थी। छत्रपति संभाजी महाराज की गाथा इन दिनों सुनी–सुनायी जा रही है। उनके जीवन–चरित्र को लेकर बनी चर्चित फिल्म 'छावा' ने औरंगजेब के अत्याचारों को फिर से चर्चा का विषय बना दिया है। संभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को नष्ट करने की मांग से भी इस फिल्म का रिश्ता है। मांग यह की जा रही है कि यह कब्र एक क्रूर शासक को महिमामंडित करती है, इसलिए इसे तत्काल नष्ट कर दिया जाना चाहिए। दुर्भाग्य की बात यह है कि इस सारे विवाद को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है। औरंगजेब मुस्लिम शासक था, उसने मंदिर तोड़े थे, उसने जजिया कर लगाया था, वह हद दर्जे का क्रूर था, ये सारी बातें अपनी जगह सही हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि औरंगजेब का होना हमारे इतिहास का एक अध्याय है। इतिहास से सीखने के लिए जरूरी है उसे याद रखा जाये। याद रखने का यह मतलब कतई नहीं है कि यह उसका महिमा–मंडन है। याद रखने का मतलब यह है कि हम इस बात के प्रति जागरूक रहें कि फिर कोई शासक औरंगजेब की तरह हम पर अत्याचार न कर सके। मैं भी गया था तीस–चालीस साल पहले औरंगजेब की कब्र देखने। जिज्ञासा थी कि स्वयं को आलमगीर कहने वाले उस क्रूर शासक ने अपनी कब्र कैसे बनवायी थी। उसे देखकर मेरे मन में कहीं भी उस शासक के महिमा–मंडन जैसी बात नहीं आयी थी। जो बात मन में आयी थी वह यह थी कि भाइयों को मरवा कर, पिता को कैद करके, प्रजा पर अत्याचार करके उस शासक को अंततरू क्या हासिल हुआ। वह कच्ची कब्र! हमारे इतिहास से यदि हमें कुछ सीखना है तो वह यह है कि कोई और औरंगजेब क्रूरता और अत्याचार से महान नहीं बन सकता। इतिहास के ऐसे अध्याय को याद रखना जरूरी है, ताकि अब किसी को दुहराने न दिया जाये। जर्मनी में हिटलर के अत्याचार के सारे निशान सुरक्षित रखे गये हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों में अत्याचार के खिलाफ भावना बन सके, बनी रहे। आज जो विवाद इस कब्र के संदर्भ में उठ रहा है, दुर्भाग्य से, इतिहास से कुछ सीखने का उससे कोई रिश्ता नहीं। जो हो रहा है उससे स्पष्ट है कि कुछ मुद्दों को भटकाने के लिए कुछ मुद्दे उठाये जा रहे हैं। कुछ भुलाने के लिए कुछ याद दिलाया जा रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ कर देश में हिंदू–मुसलमान के भेद को हवा दी जा रही है। इतिहास का अर्थ है जो हुआ था। जो हुआ था वह सब दुहराने की नहीं, उससे कुछ सीख कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह दुर्भाग्य ही है कि आज सांप्रदायिकता की आग को हवा देने की कोशिशें हो रही हैं, इन्हीं कोशिशों का हिस्सा यह तथ्य भी है कि बुलढाणा के युवा किसान की आत्महत्या जैसे मुद्दों को भुला देने वाला इतिहास बनाया जा रहा है और भुला देने जैसी बातों को कुरेद–कुरेद कर सामने लाया जा रहा है। किसी औरंगजेब का अत्याचार बीते हुए कल की बात है। आने वाले कल का तकाजा है।

## बलूचिस्तानी की आजादी के लिए तेज हुआ संघर्ष

डॉ. लक्ष्मी शंकर

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी, बलूच लिबरेशन फ्रंट और बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने मिलकर पाकिस्तान और वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलूच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है। मकसद बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़नी है। इन संगठनों ने निर्णय लिया है कि पाकिस्तान के साथ–साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और अपने अभियानों को और तेज करना होगा। गत 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छी जिले के आब–ए–गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी, जिसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल मार्ग पर 17 सुरंगे हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है। गत 13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत अलगाववादियों की मदद कर रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकवादी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सख्ती से खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा लगाए गए ये निराधार आरोप हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में असफल दिखी है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया कि उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना अभी उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी जिले में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार डाला। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक, 90 सैनिकों को मार डाला गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों और दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रक्षक मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई। दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार डाला। दरअसल, बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चला रहे हैं। सन 1947 से पहले ही बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त, 1947 को दिल्ली में हुई ।

# .......... स्वास्थ्य ..........

## सेहत का सुपरफूड गर्मियों में रोजाना जौ का पानी पीने से होते है



गर्मियों के मौसम में हम अक्सर अपने शरीर को ठंडा रखने के लिए कई उपाय ढूंढते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जौ का पानी पीने से न सिर्फ शरीर को ठंडक मिलती है, बल्कि इसके कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी हैं? बार्ले यानी जौ का पानी पोषण से भरपूर होता है और यह पाचन, त्वचा और स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं जौ के पानी के उन फायदे के बारे में जिन्हें जानकर आप इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करेंगे।

जौ का पानी और इसके फायदे

जौ का पानी जिसे हम बार्ले के नाम से भी जानते हैं, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका नियमित सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कर सकता है। यह शरीर को अंदर से साफ करता है, इम्युनिटी को मजबूत बनाता है और त्वचा का ग्लो भी बढ़ाता है। लेकिन इसके फायदे सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं हैं।

पाचन और आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है

जौ का पानी फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन को सुधारता है और कब्ज को दूर करने में मदद करता है। इसमें बीटा–ग्लूकेन नामक पदार्थ भी होता है, जो अच्छे आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और आंतों में सूजन कम होती है। यदि आप रोजाना एक गिलास जौ का पानी पीते हैं तो यह स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम बनाए रखने में मदद करेगा।

किडनी के लिए फायदेमंद

जौ का पानी किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छा होता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने का प्राकृतिक तरीका है और यूटीआई (यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन) से भी लड़ता है। साथ ही, यह किडनी में कैल्शियम के जमा होने को रोकता है और किडनी स्टोन से बचाव करता है।

वजन घटाने में सहायक

जौ का पानी वजन घटाने में भी मदद करता है। इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। इसे पीने के बाद पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे भूख कम लगती है और ओवरईटिंग से बचा जा सकता है। यह मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है, जिससे वजन कंट्रोल में रहता है।

ब्लड शुगर लेवल को Control करता है

अगर आप मधुमेह (डायबिटीज) से परेशान हैं, तो जौ का पानी आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। बार्ले में विटामिन ६ आयरन और मैग्नीशियम जैसे महत्वपूर्ण तत्व होते हैं, जो इम्युनिटी को मजबूत करते हैं और शरीर को बीमारियों से बचाते हैं।

जौ का पानी एक साधारण लेकिन अत्यधिक फायदेमंद पेय है, जो आपके शरीर को अंदर से स्वस्थ रखता है, पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, त्वचा में निखार लाता है, और वजन घटाने में भी मदद करता है। इसके अलावा, यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और किडनी को स्वस्थ रखने के लिए भी बहुत फायदेमंद है। गर्मियों में रोजाना जौ का पानी पीना एक अच्छा आदत बन सकता है, जो आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है।

## बढ़ती उम्र में भी जवां दिखने के लिए ट्राई करें टमाटर का यह असरदार नुस्खा

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइंस और डलनेस आना सामान्य बात है। उम्र बढ़ने के साथ हमारी त्वचा की नैचुरल चमक और इलास्टिसिटी कम हो जाती है, जिससे चेहरे पर एजिंग के लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके लिए महिलाएं अक्सर महंगे एंटी–एजिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इनका असर अस्थायी होता है और कभी–कभी ये हमारी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में क्यों न हम एक प्राकृतिक और सस्ते नुस्खे का इस्तेमाल करें जो हमारी त्वचा को जवां, टाइट और ग्लोइंग बनाए रखे।

टमाटर का नुस्खा

आज हम आपको एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं, जिसमें मुख्य सामग्री है दृ टमाटर। टमाटर न केवल त्वचा को एजिंग साइन से दूर रखता है, बल्कि यह दाग–धब्बों और कील–मुहांसों को भी कम करता है। तो आइए, जानते हैं कि इस नुस्खे को कैसे तैयार किया जा सकता है।

चेहरे पर टमाटर लगाने के फायदे

टमाटर में विटामिन F, लाइकोपीन और एंटी ऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। विटामिन ८ त्वचा में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाता है, जिससे त्वचा में लोच बनी रहती है और झुर्रियां कम होती हैं। लाइकोपीन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है और एजिंग के लक्षणों को कम करता है। टमाटर के एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को हेल्दी और चमकदार बनाए रखते हैं।

एंटी–एजिंग फेस पैक बनाने के लिए सामग्री

1 टमाटर
1 चम्मच शहद
1 चम्मच नींबू का रस

फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका

सबसे पहले, एक टमाटर लें और उसे कद्दूकस करके एक कटोरी में डालें। अब इसमें 1–1 चम्मच शहद और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिक्स करें। तैयार पैक को चेहरे पर लगाएं और 15–20 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। 20 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। आप देखेंगे कि एक बार इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से ही आपके चेहरे का निखार बढ़ जाएगा।

कितनी बार इस्तेमाल करें?

आप इस नुस्खे को हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपकी त्वचा को न केवल एजिंग के लक्षणों से राहत मिलेगी, बल्कि चेहरा और भी जवां और चमकदार नजर आएगा। इस तरह टमाटर का यह घरेलू नुस्खा आपकी त्वचा को नेचुरल तरीके से खूबसूरत और जवां बनाए रखेगा।



## चेहरे के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने के 3 आसान घरेलू उपाय

कई बार ऐसा होता है कि हमारे चेहरे पर अनचाहे बाल उग आते हैं, जो हमें कभी–कभी कम सुंदर महसूस करवा सकते हैं। खासकर जब ये बाल हल्के और मुलायम न हों, तो बहुत ही देखने में आते हैं। अगर आप भी इनसे परेशान हैं और पार्लर जाने का समय या पैसा नहीं है, तो परेशान होने की बात नहीं है। आज हम आपको कुछ आसान और असरदार घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जिनसे आप बिना किसी महंगे इलाज के चेहरे के बालों को हल्का और कम कर सकते हैं।

हल्दी और दूध का मिश्रण

हल्दी का इस्तेमाल सदियों से त्वचा से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए किया जाता रहा है। यह नेचुरल रूप से बालों के विकास को धीमा कर सकता है।

कैसे बनाएं और इस्तेमाल करें

1. 1 चम्मच हल्दी पाउडर लें और उसमें थोड़ा सा दूध मिलाकर पेस्ट बना लें।

2. इस पेस्ट को अपने चेहरे के बालों वाले हिस्से पर लगाएं।

3. इसे लगभग 15–20 मिनट तक सूखने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। सप्ताह में 2–3 बार इसका उपयोग करें।

4. हल्दी बालों के विकास को धीमा करती है और नियमित इस्तेमाल से चेहरे पर बाल कम होते जाते हैं।

चीनी और नींबू का पैक

चीनी और नींबू का मिश्रण त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है, और यह बालों को हटाने का एक नेचुरल तरीका भी है।

कैसे बनाएं और इस्तेमाल करें

1. 1 चम्मच चीनी, 1 चम्मच नींबू का रस और थोड़ा सा पानी लें।

2. इन तीनों को अच्छे से मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें।

3. इस पेस्ट को चेहरे पर जहां बाल हैं, वहां लगाएं और 15–20 मिनट बाद धीरे–धीरे स्क्रब करें।

फिर गुनगुने पानी से धो लें।

4. चीनी एक नेचुरल एक्सफोलिएटर की तरह काम करती है, जबकि नींबू बालों को मुलायम करता है और उनके उगने की गति को धीमा करता है।

बेसन और हल्दी का पैक

बेसन और हल्दी का पैक भी चेहरे के बालों को हटाने के लिए एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। यह मिश्रण बालों को मुलायम बनाता है और त्वचा को भी साफ करता है।

कैसे बनाएं और इस्तेमाल करें

1. 2 चम्मच बेसन और 1 चुटकी हल्दी लें और इसमें थोड़ा सा दूध या पानी मिलाकर एक पेस्ट बनाएं।

2. इस पेस्ट को अपने चेहरे के बालों पर अच्छे से लगाएं।

3. 20 मिनट तक इसे सूखने दें, फिर हल्के हाथों से इसे रगड़ते हुए निकालें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें।

5.यह पैक बालों को धीरे–धीरे निकालता है और त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाता है।

घरेलू उपाय धीरे–धीरे असर दिखाते हैं, इसलिए धैर्य रखें और नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें। आपको कौन सा उपाय सबसे आसान और असरदार लगता है?

# ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अर्टिका कार बेचने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश , सात ठग गिरफ्तार



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बक्शा थाना अंतर्गत पुलिस ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अर्टिका कार बेचने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का गुरुवार पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 19 मार्च को गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकार गिरोह का सरगना जितेंद्र यादव ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कम कीमत में अर्टिका कार बेचने का विज्ञापन देता था। इससे लोग उससे संपर्क करते थे। गिरोह के सदस्य कार दिखाने के बहाने लोगों को सुनसान इलाके में ले जाते थे। वहां लोहे की सींक और रस्सी से बांधकर उन्हें बंधक बना लेते थे। पीड़ितों की आंखों पर कागज चिपका हुआ चश्मा लगा देते थे। 18 मार्च को गिरोह ने झांसी के एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाया। उसे जौनपुर बुलाकर बंधक बनाया और 24,000 रुपए लूट लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना बक्शा में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर थानाध्यक्ष बक्शा की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने 19 मार्च की रात 11रू20 बजे गढासैनी पुल के पास से गिरोह को पकड़ा। अभियुक्तों से 11,000 रुपए नकद, तीन लोहे की सींक और एक नायलॉन की रस्सी बरामद हुई। साथ ही तीन चश्मे भी मिले। आरोपी राजन से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र यादव, राजन यादव, कुलदीप गौतम, राकेश कुमार गौतम, सुनील प्रजापति, विजय पाल और विशाल गौतम शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुआ औद्योगिक संगोष्ठी का आयोजन मंत्री ने जानी दो औद्योगिक इकाईयों की कार्य प्रणाली

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

गुरुवार को संडीला के वरुण बेवरेज औद्योगिक प्रतिष्ठान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री असीम अरुण की अध्यक्षता में औद्योगिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उद्योग प्रतिनिधियों की ओर से मुख्य अतिथि मंत्री, विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद श्री अशोक अग्रवाल, विधायक संडीला श्रीमती अलका सिंह अर्कवंशी, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि भविष्य में व्यस्थित विकास पर जोर दिया जाना चाहिए। प्लेज पार्क के लिए प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार भी प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की धारा 74 का प्रयोग करते समय सम्बंधित अधिकारी ध्यान रखें। मंत्री ने अपने आगामी भ्रमणों में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों से संवाद की इच्छा जतायी। विधायक संडीला ने कहा कि सरकार पूरी तरह से उद्योगपतियों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ी है।जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में सबसे पहले 18 जनवरी 2023 को इन्वेस्टर्स समिति हुई। शासन के लक्ष्य से अधिक निवेश जनपद में हुआ। संडीला में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। प्रत्येक माह उद्योग बंधु की बैठक से उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। उद्योगपति संजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार के आने के बाद जनपद में उद्योगों के लिए माहौल बना है। उन्होंने हरदोई नगर के विस्तार की माँग रखी। उद्योगपति बाल कृष्ण जिंदल ने कहा कि जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता के साथ सभी समस्याओं का निराकरण कराया है। उन्होंने जनपद में अलग औद्योगिक फीडर के लिए जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना की। उद्योगपति पारुल दीक्षित ने प्रशासन व पुलिस का सहयोग के लिए आभार जताया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उद्योगपति नवल माहेश्वरी ने कहा कि जनपद में प्रशासन व पुलिस के पूर्ण सहयोग के कारण अब लखनऊ नहीं जाना पड़ता। खुली परिचर्चा में उद्योगपतियों



ने माननीय मुख्य अतिथि के समक्ष बेबाकी से अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि ने उद्योगपतियों से लिखित शिकायत लेते हुए नियमानुसार उनका निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। संगोष्ठी के उपरांत अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने मैंन्युफैक्चरिंग प्लांट का निरीक्षण किया तथा परिसर में पौधारोपण किया। वरुण बेवरेज के के उपरांत मंत्री वेबले की औद्योगिक इकाई पहुँचे जहाँ उन्होंने यूनिट की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव, वरुण बेवरेज के विभिन्न पदाधिकारी व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ की अध्यक्षता मे समन्वय समिति की बैठक संपन्न



(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। गुरुवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी समन्वय समिति की बैठक की समीक्षा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुशील कुमार बनियान की अध्यक्षता में की गई।बैठक मे अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को समय से नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया।बैठक में बताया गया की छुटे बच्चों के टीकाकरण समय से करवाने के लिए लोगो को प्रेरित करें।एनसीडी स्क्रीनिंग पर डॉक्टर स्टाफ नर्स एवं एनम को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। आशा द्वारा सी बैक फॉर्म भरने पर संबंधित एनम क्षेत्र भ्रमण कर सी बैक फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।पीएमएसएमए दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिए गए जिससे गर्भवती महिलाओं को लाभ मिल सके।निजी चिकित्सालय के द्वारा किए गए टीकाकरण कार्य की रिपोर्टिंग के लिए अभिमुखी करण करने का निर्देश दिया गया।परिवार नियोजन सेवाओं की यूपीएससी वाइज समीक्षा की गई।बैठक में डा0 बीपी त्रिपाठी,राम प्रकाश पटेल,धर्मेंद्र प्रताप सिंह,अमित मीनाक्षी पांडेय सहित समस्त चिकित्सा अधिकारी जेएसआई प्रतिनिधि अनुराग यादव ,यूनिसेफ, पीएसआई से प्रवीण दीक्षित, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर सुशील उपस्थित रहे।

# कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव 2025 के पोस्टर को कुलपति ने किया जारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने 25 मार्च को आयोजित होने वाले कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव 2025 "इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कॉर्पोरेट लैंडस्केप" के पोस्टर को जारी किया। विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा इंस्टिट्यूट इंडस्ट्री इंटरफेस कार्यक्रम के अंतर्गत कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है. इस कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों के अनुभवी विशेषज्ञ अपने अनुभव, ज्ञान और भविष्य की संभावनाओं पर विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे. विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा हुआ है. इसमें भारत के अलग– अलग उद्योग जगत के उच्च पदस्थ उद्योग अधिकारी सम्मिलित होंगे. कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि छात्रों को कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है. विद्यार्थियों के मन में अध्ययन के दौरान कॉर्पोरेट सेक्टर के बहुत से प्रश्न होते है जिसका भी उन्हें यहाँ समाधान मिलेगा. यह उनके करियर निर्माण में सहायक होगा और आने वाले समय में इंटर्नशिप व प्लेसमेंट के नए रास्ते मिलेंगे. उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान होने वाले व्याख्यान और पैनल चर्चा विद्यार्थियों को किताबों से परे वास्तविक व्यावसायिक समस्याओं के प्रति दृष्टिकोण विकसित करने में निश्चित तौर पर मदद करेगा.कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव के माध्यम से विश्वविद्यालयों और उद्योग के मध्य एक सम्बन्ध विकसित होते है जो भविष्य में संयुक्त शोध और औद्योगिक प्रशिक्षण की संभावनाओं को बढ़ाते है. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कॉन्क्लेव की तैयारियों के लिए समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा. उन्होंने विद्यार्थियों के सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया.

सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम कुल दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में उद्घाटन सत्र के बाद एक प्लेनरी सेशन होगा जिसमें सभी छात्र– छात्राएं शामिल होंगे। दूसरे चरण में चार प्लेनरी सेशन जो समानांतर रूप से संगोष्ठी भवन, आर्यभट्ट सभागार, विश्वेश्वरैया सभागार तथा इन्क्यूबेशन केंद्र में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. सुशील कुमार उपस्थित रहे.



# विद्यार्थियों को इन्नोवेटिव प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा पुरस्कार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इंडस्ट्री एकेडेमिया कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को ष्आशा किरण प्रोजेक्ट 2025ष को हीथोक्स कंपनी , गाजियाबाद के सीईओ शेखर आनंद, प्रो. राजेश शर्मा संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय , डॉ मनीष कुमार गुप्ता, बॉयोटेक्नोलॉजी द्वारा लांच किया गया । प्रो. राजेश शर्मा ने कहा कि विज्ञान संकाय के बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री एवं एनवायर्नमेंटल साइंस के विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तथा इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये इस प्रकार के प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।शेखर आनंद ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री तथा एनवायर्नमेंटल साइंस के परास्नातक के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। आवेदन 30 अप्रैल तक किया जा सकता है। उसके पश्चात इंडस्ट्री एवं एकेडेमिया के पैनलिस्ट द्वारा प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया जाएगा। उसके पश्चात 15 मई को परिणाम की घोषणा की जायेगी। इस परिणाम में प्रथम स्थान पर आने वाले व्यक्ति को 10000 हजार द्वितीय स्थान वाले को 5000 हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को ग्लोबल बायोइण्डिया 2025 दिल्ली में प्रतिभाग करने के लिए यात्रा भत्ता देय होगा। भविष्य में इस राशि को बढ़ाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ संजीव मौर्य,डॉ एस पी तिवारी, डॉ सिपाही लाल, डॉ ऋषि श्रीवास्तव, डॉ श्वेता सोनम , डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

# लोकगायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट को मिला लोक निर्मला सम्मान

लखनऊ, (संवाददाता)। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में मंगलवार शाम को सोनचिरैया संस्था की ओर से आयोजित समारोह में उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट को लोक निर्मला सम्मान–2025 से नवाजा गया। मुख्य अतिथि केजीएमयू की कुलपति पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद ने 72 वर्षीय बसंती बिष्ट को एक लाख रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बसंती बिष्ट ने मंच पर लोकगीतों की प्रस्तुति भी दी। मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉ. बसंती बिष्ट स्व सशक्तीकरण का सबसे बड़ा उदाहरण हैं, जिन्होंने संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। देश के विकास के साथ ही हमें विरासत को भी संजोने की जरूरत है। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपनी मां निर्मला अवस्थी की स्मृति में इस सम्मान की शुरुआत कर इसी विरासत को आगे बढ़ाया है। सोनचिरैया संस्था की सचिव लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने कहा, लखनऊ हमारी पहचान है। बीते कई वर्षों से सोनचिरैया भारत की विभिन्न लोक



कलाओं के संरक्षण के लिए अनवरत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पहला लोक निर्मला सम्मान पद्मभूषण तीजन बाई को प्रदान किया गया था। फिर पद्मश्री गुलाबो सपेरा, पद्मभूषण शारदा सिन्हा, कर्नाटक की प्रतिष्ठित लोक कलाकार पद्मश्री मजम्मा जोगती और सुप्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस बार डॉ. बसंती बिष्ट को यह सम्मान देने का निर्णय किया गया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड भौगोलिक रूप से भले ही अलग–अलग प्रदेश हों लेकिन हम सांस्कृतिक रूप से एक ही हैं। इस मौके पर सोनचिरैया की अध्यक्ष डॉ. विद्या विंदु सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह समेत मालिनी अवस्थी के परिवारीजन व अन्य लोग मौजूद रहे। लोक निर्मला सम्मान से विभूषित की गईं डॉ. बसंती बिष्ट ने कहा, लोक के बिना जीवन रसहीन है। हमें अपनी लोक कलाओं को जीवित रखने के प्रयास निरंतर करते रहने होंगे। उन्होंने कांसे की थाली और हुड़का जैसे वाद्ययंत्रों के बीच शिव की स्तुति से गायन की शुरुआत की। उनकी सुरीली आवाज में मां भगवती नंदा के जागरों से मंच गूंज उठा। इस दौरान बुंदेली और राजस्थानी लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी मन मोह लिया। मेवा सपेरा के ग्रुप ने कालबेलिया की प्रस्तुति से माहौल को लोकमय बना दिया।

# उत्तर प्रदेश में गम्भीर बीमारियों से लड़ने आई हीली डिवाइस

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में क्वांटम थेरेपी की शुरुआत हो गई है जो असाध्य बीमारियों को बिना दवा के ठीक करने का काम करती है। जर्मनी



की कम्पनी हीली वर्ल्ड की फ्रेंचाइजी अम्बेडकर नगर निवासी अवधेश कसौंधान ने ली है। राजधानी पहुंचे अवधेश कसौंधन ने बताया कि हीली कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम विज्ञान और क्लाउड कंप्यूटिंग पर आधारित एक उन्नत छोटे आकार का एक जर्मन डिवाइस है। इसमें एक क्वांटम सेंसर होता है, जो कि उन आवृत्तियों की पहचान करता है जिनकी हमारी कोशिकाओं को आवश्यकता होती है, और फिर यह हमारे सेल को उन्ही आवृत्तियों में सूक्ष्म–करंट प्रदान करता है जिससे हमारी कोशिकाएं सशक्त होती हैं। मैग हीली, हीली वर्ल्ड द्वारा नवीनतम आविष्कार है जो हमारे पीने के पानी को सक्रिय करने के लिए एक स्पंदित चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करता है, हमारे वातावरण पर काम करता है, समग्र स्वास्थ्य के लिए दोहरे आवृत्ति का प्रयोग करते हुए 85 कार्यक्रमों के माध्यम से बहुत ही आसानी से हमारे जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लता है। हीली और मैग हीली दोनों को आसानी से परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए और यहां तक कि पालतू जानवरों और पेड़ पौधों के लिए भी अपने मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके आसानी से संचालित किया जा सकता है। इनका आविष्कार 2019 में जर्मन वैज्ञानिक मार्क्स श्मीके के स्वामित्व वाली बर्लिन स्थित कंपनी टाइमवेवर द्वारा किया गया है और 55 देशों में सफलतापूर्वक स्वीकार किया गया है। यह हेल्थ और वैलनेस में एक बहुत बड़ी क्रांति के रूप में देखा जा रहा हैं। अवधेश कसौंधन ने बताया कि हीली डिवाइस 23 हजार रुपए से लेकर 3 लाख तक आता है जो व्यक्ति की बीमारियों और प्रोग्राम पर आधारित रहता है। टोल फ्री नंबर 8299362317 पर कॉल करके हीली डिवाइस को प्राप्त किया जा सकता है।

# फूलन देवी पर टिप्पणी के विरोध में धरना

लखनऊ, (संवाददाता)। पूर्व सांसद फूलन देवी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने टिप्पणी करने वाले पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष राहुल निषाद ने बताया कि पूर्व सांसद के लिए अपशब्दों से मछुआ समाज के साथ अन्य पिछड़ी, वंचित समाज और महिलाओं में आक्रोश है। पार्टी इस कृत्य की निंदा करते हुए टिप्पणी करने वाले खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करती है।

# आपराधिक कृत्य की शिकार बेटी का नम आंखों के साथ किया गया अंतिम संस्कार

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

थाना रौनाही अंतर्गत ग्राम सभा अरथर के मजरा अभय राज का पुरवा निवासी विनोद कुमार प्रजापति की 32 वर्षीय पत्नी की लखनऊ में देर रात्रि में अपराधियों द्वारा हत्या किए जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि इस कृत्य में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाही करते हुए पीड़ित परिवार को सरकार एक करोड रुपए का मुआवजा दे।सूचना के अनुसार सोहावल क्षेत्र के अरथर निवासी विनोद कुमार प्रजापति की पत्नी विगत 16 मार्च दिन रविवार को एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में दो दिवसीय ट्रेनिंग हेतु वाराणसी गई हुई थी।18 मार्च दिन मंगलवार को ट्रेनिंग पूरी करने के उपरांत शाम को वाराणसी से बस द्वारा वह लखनऊ के लिए रवाना हुई। लखनऊ मंगलध बुधवार की रात 1रू30 पर आलमबाग बस स्टेशन पहुंची और वहां से ऑटो रिक्शा बुक करके अपने भाई श्रीराम प्रजापति के पास चिनहट के लिए रवाना हुई, उस समय तक वह अपने परिवार के संपर्क में रही, फिर अचानक संपर्क टूट जाने पर परिवार के लोग परेशान हुए और पुलिस को इसकी सूचना दी, पुलिस ने जब लोकेशन ट्रेस किया तो लोकेशन मलिहाबाद की आई और फिर मलिहाबाद की एक बैग में ही विनोद कुमार प्रजापति की पत्नी का शव बरामद हुआ। सूचना के अनुसार उसी ऑटो चालक और उनके साथियों द्वारा लूट, बलात्कार एवं उसके उपरांत हत्या कर दी गई थी।गुरुवार सुबह नम आंखों के साथ परिवारजनों एवं बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी में सोहावल स्थित ढेमवा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, ग्राम सभा अथर के प्रधान प्रतिनिधि राज किशोर यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय रावत प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अवधी, भोजपुरी और ब्रज भाषा के साथ होगी गीता व रामायण की पढ़ाई

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र अब अवधी, भोजपुरी, ब्रजभाषा के साथ गीता, रामायण, वेद, पुराण, महाभारत से जुड़े पाठयक्रम भी पढ़ेंगे। नए सत्र में छात्र इन कार्सों में आवेदन कर सकेंगे। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अंग्रेजी विभाग के परास्नातक पाठ्यक्रम में किया गया है। इसके तहत भारतीय संस्कृति और साहित्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर पांच नए पेपर आरंभ करने का फैसला किया गया है। यह सभी पेपर 20–20 क्रेडिट के होंगे। यह जानकारी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ओंकार नाथ उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष के अंग्रेजी साहित्य में यह बदलाव पहली बार हुआ है। इसमें इंडियन क्लासिकल लिटरेचर, इंडियन पोएटिक्स एंड एस्थेटिक्स, लैंग्वेज लिटरेचर इन ट्रांसलेशन, इंडियन लिटरेचर इन इंग्लिश और इंडियन डायस्पोरा एंड कल्चर स्टडीज नामक पांच नए पेपर शुरू किए जाएंगे। 14 माहेश्वर सूत्रों और अलंकार, ध्वन, रस, छंद शास्त्र को भी बताया जाएगा। इंडियन लिटरेचर इन इंग्लिश में कनाडा, अमेरिका और इंग्लैंड में रहने वाले भारतीय लेखकों की किताबों और उनके व्यक्तित्व के बारे में बताया जाएगा। इनका कार्य सिर्फ अंग्रेजी भाषा में है।

# यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू, एक दिन में 10वीं की 50 और 12वीं की 45 कॉपियों का होगा मूल्यांकन



लखनऊ, (संवाददाता)। पीएमश्री फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज समेत चार केंद्रों पर बुधवार से बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। परीक्षकों के मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगाई गई है। जीआईसी और टॉमसन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। वहीं, जीजीआईसी व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को हाईस्कूल की एक दिन में 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपी का मूल्यांकन करना है। वहीं, कला विषय में परीक्षक 80 कॉपियों का मूल्यांकन करने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चारों केंद्रों पर 19 मार्च से दो अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी दिवाकर मिश्र ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय में प्रत्येक दिन मूल्यांकन की रिपोर्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा की तरह ही डीआईओएस के कंट्रोल रूम को मूल्यांकन केंद्रों से जोड़ा गया है। डीआईओएस डॉ. रामचंद्र के निर्देश पर मूल्यांकन केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# जनवरी–फरवरी माह में रामलला को मिला 26.89 करोड़ का दान

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। महाकुंभ के 45 दिनों में तीन करोड़ लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर निधि समर्पण किया है। 45 दिनों में रामलला को करोड़ों का दान विभिन्न माध्यमों से श्रद्धालुओं ने अर्पित किया। जनवरी व फरवरी महीने में कुल 26.89 करोड़ का दान मिला है। इस दौरान 57 लाख का विदेशी दान भी प्राप्त हुआ है।महाकुंभ ने रामनगरी की अर्थ व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला। महाकुंभ के 45 दिनों में अयोध्या में करीब 2500 करोड़ के कारोबार का अनुमान है। छोटे–छोटे रोजगार से स्थानीय लोगों ने खूब कमाई की।रामलला के दरबार में रोजाना साढ़े तीन से चार लाख श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे थे।श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के चलते राम मंदिर रोजाना 18 से 19 घंटे खोलना पड़ा था। ट्रस्ट ने दान पात्र की संख्या छह से बढ़ाकर 34 कर दी थी। इसके चलते रामलला को करोड़ों का दान प्राप्त हुआ। राम मंदिर ट्रस्ट की आय में निरंतर इजाफा हो रहा है। 2023–24 में राम मंदिर ट्रस्ट को 376 करोड़ की आय हुई थी। इस साल के दो माह यानि जनवरी व फरवरी में ही ट्रस्ट को 26 89 करोड़ की आय हुई है। जनवरी में 11. 56 करोड़ व फरवरी में 15.33 करोड़ का दान रामलला को प्राप्त हुआ है।

## अपहरण कर पीटने और किशोर का चेहरा सिगरेट से जलाने के तीन आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी बेलीपार क्षेत्र में शनिवार को हुई थी घटना, मां ने दर्ज कराया था केस। गोरखपुर। बेलीपार इलाके के – हरदिया गांव 10 वर्षीय किशोर का अपहरण कर – मारने पीटने और उसका चेहरा सिगरेट से जलाने वाले तीन आरोपियों को – पुलिस ने बुधवार को – गिरफ्तार कर लिया। बेलीपार पुलिस ने पूछताछ कर तीनों – को जेल भिजवा दिया। आरोपियों की – पहचान हरदिया निवासी दो सगे भाई – प्रदीप यादव, मंदीप यादव और ऑटो चालक नागेंद्र यादव के रूप में हुई। – बेलीपार के हरदिया गांव की गुड़िया ने – तहरीर देकर बताया कि 15 मार्च को दिन में 11 बजे बेटे



ऋतिक को तीनों – आरोपी अपहरण कर एक ऑटो में उठा – ले गए। बेटे को बहुत पीटा और उसके चेहरे को भी सिगरेट से जला दिया।बेटा बेहोश हुआ तो उसे मरा समझकर गांव के पास स्थित बगहा वीर बाबा मंदिर के पास फेंक कर भाग गए। सूचना मिलने पर बेटे को अस्पताल लेकर गए। जहां उसका इलाज कराया गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने उसी दिन घटना में इस्तेमाल ऑटो बरामद कर लिया था। आरोपियों की तलाश चल रही थी। बुधवार को क्षेत्र से ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया।

## एनएचआई और पुलिस के मौजूदगी में चला अतिक्रमण अभियान

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी

गोरखपुर सहजनवा तहसील क्षेत्र के टेनुआ टोल प्लाजा के आसपास फोरलेन पर के दोनों पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। जिससे आवागमन सुचारु रूप से चलना शुरू हो गया है। टेनुआ टोल



प्लाजा के आसपास फोरलेन के दोनों पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण से अक्सर जाम की स्थित बनी रहती थी। जिससे पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए एनएचआई 28 के कर्मचारियों और पुलिस बल के मौजूदगी में अतिक्रमण अभियान हटाने का शुरुआत किया जो करीब दो घंटे चला। टोल प्लाजा के दोनों पटरियों से अवैध अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया गया है। इस दौरान एनएचआई और पुलिस के जवान मौजूद है।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने किया सुंदरकांड पाठ, वैदिक सनातन राष्ट्र के संकल्प पर हुई चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

कानपुररू राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अर्पित राणा, जिला अध्यक्ष रोहित शर्मा, जिला महामंत्री रवि सरोज, अनमोल राहुल तथा मंडल अध्यक्ष कानपुर राहुल समेत अन्य पदाधिकारी सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन के मुख्य उद्देश्य भारत को वैदिक



सनातन राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने संगठन की आगामी रणनीति पर विचार–विमर्श किया और इस लक्ष्य को साकार करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी क्रम में संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु दिखाई हरी झंडी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ।बेसिकजौनपुर शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण करने हेतु जनपद से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ0 गोरखनाथ पटेल एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी जौनपुर राजीव कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आज सुबह 9:00 बजे लोहिया पार्क पॉलिटेक्निक चौराहा जौनपुर से



सारनाथ वाराणसी के लिए सुनिश्चित किया गया है। इस भ्रमण से बच्चों में ऐतिहासिक विरासत एवं भौगोलिक ज्ञान का संवर्धन होगा तथा बच्चों की जिज्ञासा में अभिवृद्धि होगी। जिला समन्वयक सामुदायिक सत्येंद्र गुप्ता, जिला समन्वयक निर्माण, रजा हसन, लवकुश सिंह, प्रभात सिंह द्वारा उपस्थित विभागीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं छात्र–छात्राओं तथा उनके शिक्षकों को सुरक्षित वापसी के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

## नि:शुल्क प्रशिक्षण में प्रवेश करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थीगण अपना आवेदन-पत्र २७ मार्च तक जमा कर सकते हैं - जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग, लखनऊ के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों हेतु 01 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ होने वाले वार्षिक नि:शुल्क प्रशिक्षण में प्रवेश करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थीगण इस कार्यालय के कमरा नम्बरः 08 में अपना आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक: 27 मार्च, 2025 तक (अवकाश के दिनों को छोडकर कार्यालय अवधि में) जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

उक्त अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टर पास (हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ) तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उक्त केन्द्र में अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निम्नांकित विषयों में यथा सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित सामान्य अंग्रेजी, कम्प्यूटर, टंकण एवं आशुलिपि आदि विषयों में तैयारी करायी जाती है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः 28 मार्च, 2025 को प्रातः 11रू00 बजे से तथा अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः 29 मार्च, 2025 को प्रातः 11रू00 बजे से होगा। अभ्यर्थी अपनी समस्त शैक्षिक योग्यताओं, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा अपनी एक फोटो आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें। इस हेतु अभ्यर्थी को कोई मार्ग व्यय आदि देय न होगा।

## अंतरास्ट्रीय मोबाइल चोर गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश,३ आरोपी गिरफ्तार,दो लाख के मोबाइल फोन बरामद

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने नगर कोतवाली थाना अंतर्गत रसूलाबाद भंडारी रोड से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के 15 मोबाइल फोन और चोरी के उपकरण बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी बिहार के पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं। इनमें अंजय कुशवाहा उर्फ रंजय, अनीश कुशवाहा और मोहम्मद अमानुल्लाह शामिल हैं। इन्होंने 11–12 मार्च की रात ओलंदगंज स्थित रवि कम्युनिकेशन की दुकान से चोरी की थी। सीसीटीवी फुटेज से इनकी पहचान हुई। मामले का खुलासा करते हुए गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर दो टीमें बनाई गईं। एक टीम बिहार भेजी गई और दूसरी टीम स्थानीय स्तर पर जांच में लगी। बरामद



मोबाइल फोन की कीमत करीब 2 लाख रुपये है। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह नेपाल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में सक्रिय है। मुख्य आरोपी अंजय कुशवाहा पहले नेपाल की जेल में चार साल काट चुका है। गिरोह तेज ब्लेड कटर से शटर काटकर मोबाइल और घड़ी की दुकानों में चोरी करता है। अंजय कुशवाहा से 8 वीवो मोबाइल, एक लोहा कटर, एक पेचकस और एक पीठू बैग बरामद हुआ है।जबकि अनीश कुशवाहा से 4 सैमसंग मोबाइल और मोहम्मद अमानुल्लाह से 3 मोबाइल (सैमसंग, ओपो और मोटोरोला) बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## आईपीएल सीजन से पहले, एयरटेल ने एकाना स्टेडियम में अपने नेटवर्क को मजबूत किया



मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। 22 मार्च, 2025 से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों की तैयारी में, भारती एयरटेल ने एकाना स्टेडियम में व्यापक व्यवस्था की है। ये प्रयास मैचों के दौरान करीब 100,000 क्रिकेट प्रशंसकों की अनुमानित भीड़ के लिए निर्बाध नेटवर्क अनुभव सुनिश्चित करेंगे। एयरटेल ने स्टेडियम के आसपास अपने मौजूदा चार समर्पित सेल साइट्स को बढ़ाया है। यह वृद्धि मैचों में भाग लेने वाले एयरटेल ग्राहकों के लिए वॉइस और डेटा कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार करेगी। दर्शकों की संभावित उच्च संख्या को समायोजित करने के लिए नेटवर्क अपग्रेड करने की रणनीतिक योजना बनाई गई है। इन तैयारियों पर बात करते हुए, अमित गुप्ता, सीईओ–उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, भारती एयरटेल ने कहारू ष्देश में आईपीएल के प्रति बढ़ते उत्साह को ध्यान में रखते हुए, हमने एकाना स्टेडियम में अपने नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है ताकि निर्बाध कनेक्टिविटी का अनुभव प्रदान किया जा सके। यह कदम स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की विशाल संख्या को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे ग्राहक इस रोमांचक माहौल में डूबे रहते हुए भी अपने प्रियजनों के साथ निर्बाध रूप से जुड़े रह सकें।ष लखनऊ शहर में निर्बाध और सर्वव्यापी नेटवर्क अनुभव प्रदान करने के लिए, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों, और शहीद पथ जैसे प्रमुख स्थानों पर व्यापक नेटवर्क अनुकूलन किया गया है। शहर के ताज और हयात सहित सभी प्रीमियम होटलों में भी कवरेज बढ़ाने के लिए व्यापक नेटवर्क मूल्यांकन किया गया है।

एयरटेल ने विशेष रूप से आईपीएल के लिए उपाय किए हैं और मार्च से मई 2025 तक चलने वाले क्रिकेट के उत्साह को ध्यान में रखते हुए देश के सभी स्टेडियमों में अपने नेटवर्क को मजबूत किया है।

## इंडिया स्ट्रोक एसोसिएशनद्वारा १८ वां वार्षिक सम्मेलन LQVF 2025 का आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ –लखनऊ में होटल हॉलिडे इन में इंडियन स्ट्रोक असोसिएशन द्वारा १८ वा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन में प्रतिष्ठित डॉक्टर, शोधकर्ता शामिल हुए थे। स्ट्रोक मरीजों की बढती संख्या के रोकथाम के लिए क्या करना जरूरी हैं, इस बारे में सम्मेलन में चर्चा हुई। आईएसए कार्यकारी समिति २०२४–२५ के विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सूर्या (अध्यक्ष), डॉ. पी. विजया (निर्वाचित अध्यक्ष), डॉ. अरविंद शर्मा (सचिव), डॉ. सलिल उप्पल (कोषाध्यक्ष), डॉ. आनंद अलुरकर (तत्काल पूर्व अध्यक्ष), डॉ. वीजी प्रदीप कुमार (पूर्व अध्यक्ष), डॉ. आर. लक्ष्मी नरसिम्हन (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. अमित कुलकर्णी (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. जयंत रॉय (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. मोनिका सिंगला (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. पवन कुमार ओझा (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. श्रीपाल शाह (कार्यकारी समिति सदस्य), और डॉ. त्रिलोचन श्रीवास्तव (कार्यकारी समिति सदस्य) ने स्ट्रोक देखभाल और प्रबंधन के लिए वैश्विक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। प्रोफेसर डॉ. मार्क पार्सन, डॉ. जी अर्जुनदास, भारतीय स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) के संस्थापक–अध्यक्ष, अमेरिका के प्रोफेसर डॉ. सीन एल साविट्ज, सिंगापुर के




प्रोफेसर विजय कुमार शर्मा और अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया के अन्य अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं सहित दुनिया भर के विशेषज्ञों ने चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। वार्षिक सम्मेलन में आईएएन और एपीआई के साथ एक संयुक्त सत्र आयोजित किया गया। इन अवसरों ने युवा स्ट्रोक विशेषज्ञों और छात्रों को अपने काम को साझा करने, विशेषज्ञों से सीखने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। भारतीय स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) के अध्यक्ष डॉ. निर्मल सूर्या ने कहाँ की, ष्स्ट्रोक एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। आईएनएससी २०२५ केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि स्ट्रोक देखभाल में नवाचार और एकीकरण की दिशा में एक एक नया कदम है। हमारा उद्देश्य अनुसंधान की सीमाओं को आगे बढ़ाना, नए उपचार के तौर–तरीकों की खोज करना और वैश्विक स्तर पर जीवन बचाने के लिए रोकथाम रणनीतियों को बढ़ाना है।ष

डॉ. निर्मल सूर्या ने कहा, ष इस सम्मेलन में विशेषज्ञों ने स्ट्रोक के बारे में चर्चा की। दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए इस तरह के सम्मेलन स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में अंतराल को पाटने, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि अत्याधुनिक उपचार मरीजों तक तेजी से और अधिक कुशलता से पहुँचे। यहाँ बनाई गई साझेदारियाँ न केवल नवाचार को बढ़ावा देंगी बल्कि स्ट्रोक जागरूकता प्रारंभिक पहचान और पुनर्वास में वैश्विक प्रयासों को भी मजबूत करेंगी, जिससे अंततः लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) के सचिव डॉ. अरविंद शर्मा ने कहॉ की, ष्स्ट्रोक का बढता खतरा चिंता का कारण बन रहा हैं। इसलिए इस पर समय रहते ध्यान देने की आवश्यकता हैं। भारत में हर मिनट तीन लोग ब्रेन स्ट्रोक का शिकार होते हैं। जीवनशैली में बदलाव, अपर्याप्त नींद और नियमित स्वास्थ्य जांच के कारण स्ट्रोक के मामले बढ रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इस सम्मेलन में स्ट्रोक के रोकथाम पर चर्चा की गई। स्ट्रोक के बारे में जागरूकता फैलाना और मरीज का जीवन कैसे बचाया जा सके इस बारे में चर्चा की गई। सम्मेलन में भाग लेने वाले अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने सार्थक चर्चाओं और सहयोग में शामिल होने के अवसर के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। सम्मेलन के समापन पर, प्रतिभागियों ने नई प्रेरणा, मजबूत पेशेवर नेटवर्क और दुनियाभर में स्ट्रोक देखभाल में सुधार के लिए साझा प्रतिबद्धता के साथ प्रस्थान किया।

## श्रीकृष्ण ने बाल लीला से सुर नर मुनि भक्तों को किया तृप्त – आचार्य कौशल मिश्र -श्रीकृष्ण की बाल लीला श्रवण कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु- श्रोता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

गोंडा। सिविल लाइन में अफीम कोठी के निकट स्थित भाजपा नेता अरुण कुमार शुक्ल के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस श्रीकृष्ण की बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग से उपस्थित श्रद्धालु श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा– प्रवाचक अयोध्या के भागवताचार्य आचार्य कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण संपूर्ण कला से युक्त ब्रह्म के पूर्ण अवतार थे। कथा प्रवाचक आचार्य कौशल ने बाल लीला के प्रसंग में कहा कि श्रीकृष्ण ने अपनी अलौकिक लीलाओं से सुर नर मुनि एवं ब्रज के गोपी ग्वाल समेत समस्त भक्तों को तृप्त किया। कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी व कंस के भेजे असुरों के विनाश के प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विह्वल हो गए। कथा व्यास ने कहा कि देवराज इंद्र के अहंकार तोड़ने के लिए प्रभु ने व्रजवासियों से गोबर्धन पूजा कराया।



कथा के उपरांत आयोजित गोबर्धन पूजा में भगवान को अर्पित छप्पन भोग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हिस्सा लिया। कथा में माया शुक्ला, जयप्रकाश शुक्ल एड., प्रेमादेवी शुक्ला, डा.श्रद्धा शुक्ला, शांति देवी, शिवकुमार दूबे, संतोष कुमार मिश्र, शेषमणि मिश्र, उत्तम प्रसाद शुक्ल, संजय मिश्र, विजय कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, सुषमा मिश्रा,हरिशंकर मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडेय, दिनेश चंद्र शुक्ल, श्यामजी पाठक,अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्र व सरल कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था को लेकर सभी थानाध्यक्षों और क्षेत्राधिकारियों सहित करेंगे बैठक – आईजी वाराणसी मोहित गुप्ता

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,। आईजी रेंज वाराणसी मोहित गुप्ता ने गुरुवार को जौनपुर के पुलिस लाइन परिसर सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न पटलों का गहनता पूर्वक वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई को लेकर संतुष्टि जाहिर किया । कानून कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि दोपहर बाद सभी थानों के थाना अध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी लोगों के साथ बैठकर मीटिंग की जाएगी उसके बाद कुछ स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्यालय में लोग सक्रिय रहे और अफरातफरी का भी माहौल बना रहा। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ,अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा कार्यालय का निरीक्षण कराया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय



का निरीक्षण करने के उपरांत हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए आईजी वाराणसी रेंज मोहित गुप्ता ने बताया कि आज उनके द्वारा पुलिस लाइन परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा पुलिस लाइन परिसर के कुछ शाखाओ का और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आंकिक शाखा बड़े बाबू कार्यालय क्राइम ब्रांच विभाग निरीक्षण किया है। उनके सभी अभिलेख उनका विशेषण चल रहा है है साफ सफाई अच्छी पाई गई है। रिकॉर्ड और उनके रख रखाव को लेकर कुछ सुझाव दिए गए हैं उसको इन्हें बताया गया है ।कानून व्यवस्था को लेकर मेरे द्वारा आज दोपहर में इसकी समीक्षा बैठक की जाएगी सभी थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की जाएगी उसकी गहन समीक्षा की जाएगी।

## शील कोचिंग सेंटर अटल चौक हरदोई में जिले के प्रधानाचार्य बंधुओं की जिला बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। शील कोचिंग सेंटर अटल चौक हरदोई में जिले के प्रधानाचार्य बंधुओं की जिला बैठक सम्पन्न हुई।लखनऊ सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक श्याम मनोहर शुक्ल, जनशिक्षा परिषद् हरदोई के जिला मंत्री विपिन चन्द्र त्रिवेदी, जिला प्रमुख देवेन्द्र पाल सिंह, राम शंकर शुक्ल ने उपस्थित रहकर निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की।वर्षिक परीक्षा समीक्षा,वर्ष प्रतिपदा उत्सव, प्रवेशिका प्रबोध मुल्यंकान;अगामी प्रशिक्षण वर्ग पर वार्ता, 24 घंटे का प्रवास, 5नवीन शिक्षा सत्र की तय्यारी संपर्क आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।



## सीएम ग्रिड की सड़कों का काम एक सप्ताह से बंद

लखनऊ, (संवाददाता)। सीएम ग्रिड योजना में बनने वाली शहर की सात सड़कों का काम होली के चलते एक सप्ताह से ठप है। मंगलवार को नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया तो कई सड़कों पर काम बंद मिला। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इसमें एक सप्ताह बाद पूरी प्रगति रिपोर्ट लाने के लिए कहा गया है। सीएम ग्रिड योजना में 186 करोड़ रुपये की लागत से पहले फेज में सात सड़कों को स्मार्ट बनाया जा रहा है। इनसे बिजली के केबल और ऑप्टिकल फाइबर को डक्ट में शिफ्ट किया जा रहा है। डिवाइडर नए सिरे से बनाए जा रहे हैं। पानी और सीवर की लाइनों को बीच रोड से हटाकर किनारे शिफ्ट किया जाएगा। ऐसे में कई विभागों को मिलकर काम करना है। बैठक में काम तेज करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि होली पर मजदूर घर चले गए हैं और अभी लौटे नहीं हैं। इस कारण काम रुका है।

## पांच अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

लखनऊ, (संवाददाता)। एलडीए से बिना नक्शा पास करवाए गोसाईंगंज और चिनहट में 50 बीघा में चल रही पांच अवैध प्लॉटिंग पर मंगलवार को बुलडोजर चला। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार के निर्देश पर चिनहट में ग्राम लोनापुर के पास एसटीपी से बिरई खेड़ा जाने वाली रोड पर अवैध प्लॉटिंग हो रही थी। गोसाईंगंज के ग्राममोहारी खुर्दध परेहटा में एसपी सिंह व अन्य प्लॉटिंग करवा रहे थे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।